बम्बई महानगर पालिका द्वारा जमीन की मांग

3122. **श्री गोविन्दराव आदिक:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बम्बई महानगर पालिका ने कांदिवली रेलवे स्टेशन के पास फ्लाई ओवर बनाने के लिए स्टेशन के पूर्व में रक्षा मंत्रालय की जमीन की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस मामले में क्या निर्णय लिया है?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) से (ग) जी, हां। रक्षा मंत्रालय ने सिद्धांत रूप में इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है तथा प्रस्तावित ऊपरी पुल के पास 0.0691 एकड़ तथा इसी क्षेत्र में आने वाली 0.7461 एकड़ रक्षा भूमि के दो भूखंडों को चालू बाजार मूल्य पर भुगतान के आधार पर महाराष्ट्र सरकार को देने की पेशकश की है। इसके अतिरिक्त, ऊपरी पुल के उत्तर की ओर के 1.5 एकड़ तथा रेलवे लाइन के पूर्व में स्थित 2.33 एकड़ के दो अन्य भूखंडों को भी चालू बाजार मूल्य पर भुगतान के आधार पर दिए जाने की पेशकश की है।

बैंक घोटाले में शामिल भारत-डायनॉमिक्स लिमिटेड

3123. **श्री शारदा महन्ती:**
श्री अनन्तराम जायसवाल:
श्री शंकर दयाल सिंह:
क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि:

(क) क्या यह सच है कि सार्वजनिक क्षेत्र की भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड नामक कम्पनी का 60 करोड़ के बैंक घोटाले में हाथ है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इसकी जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की जा रही है; और

(ग) यदि हां, तो इस घोटाले के अब तक प्रकाश में आए तथ्यों का ब्यौरा क्या है और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा इस मामले की जांच कब तक पूरी कर ली जाएगी?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) मैसर्स भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड की 60 करोड़ रुपये की धनराशि भारतीय स्टेट बैंक की ग्रीन पार्क एक्सटेंशन नई दिल्ली शाखा को मैसर्स भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड के पक्ष में अल्प अवधि जमा प्राप्ति तैयार करने के लिए भेजी गई थी। इसके बजाय यह धनराशि धोखे से दूसरी फर्म के चालू खाते में जमा कर दी गई और इसे ऋण के माध्यम से निकालने का असफल प्रयास किया गया।

(ख) आरंभिक रूप से हौज खास पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया जिसे दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जांच के लिए अपने हाथ में ले लिया। बाद में 4 जुलाई, 1994 को केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने इस मामले में जांच शुरु की।

(ग) छ: व्यक्तियों [जिस फर्म के खाते में धनराशि जमा की गई थी उसके मालिक, भारतीय स्टेट बैंक के दो कर्मचारियों और भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) सहित] को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की जांच चल रही है। 60 करोड़ रुपये की धनराशि भारत डायनॉमिक्स लिमिटेड को वापस मिल गई है।

रोहतांग दर्रे में सुरंग

3124. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या प्रधान मंत्री 21 अप्रैल, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3939 के दिये गये उत्तर को देंखेगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मैसर्स राईटिस कम्पनी के रोहतांग दर्रे में प्रस्तावित सुरंग के संबंध में प्रस्तुत आंकड़ो के विश्लेषण पर आधारित संकलन के बाद प्रथम चरण के कार्य की रिर्पोट प्राप्त हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या इस रिर्पोट के आधार पर इस वर्ष निर्माण कार्य आरंभ होने की आशा है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) जी, हां। मैसर्स राइट्स ने जून, 1994 के प्रथम सप्ताह में चरण-1 के संबंध में व्यवहार्यता रिर्पोट प्रस्तुत की थी।

(ख) और (ग) यह रिर्पोट चार खण्डों में है जिसमें स्थलाकृतिक और भूविज्ञान परीक्षण एवं उनके संबंधित विभिन्न कार्यकलापों के निष्कर्ष शामिल हैं।

निर्माण कार्य शुरू किए जाने के लिए कोई समय सीमा बता पाना समयपूर्व होगा क्योंकि चरण-II तथा चरण-III के लिए व्यवहार्यता अध्ययन अभी शुरू किया जाना है।

रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी अनुवादक

3125. **श्रीमती आन-दीबेन जेठाभाई पटेल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग) के नए आदेशों के अनुसार "क" क्षेत्र में स्थित रक्षा लेखा